प्रादेशिक समाचार
24.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने सबसे भारी अंतरिक्ष यान एलवीएम3–एम6 के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का सफल प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से भारतीय मानक समयानुसार सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर किया गया। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद, ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और सफलतापूर्वक अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित हो गया। इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने अमरीकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लू बर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्लूबर्ड–ब्लॉक–2 अंतरिक्षयान को लक्षित कक्षा में स्थापित किए जाने पर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और अभियंताओं को बधाई दी।

***************

कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज धनबाद के बेलगड़िया में जेआरडीए के प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन किया। साथ ही मंत्री ने स्थानीय निवासियों को 99 साल की रजिस्टर्ड सब–लीज दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को देखते हुए अब हर एक परिवार को दो–दो आवास दिए जा रहे हैं। धनबाद शहर से दूरी को देखते हुए बेलगड़िया के निवासियों के लिए 4 फ्री शटल बसें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि बेलगड़िया सिर्फ एक टाउनशिप नहीं, बल्कि एक कमर्शियल हब के रूप में विकसित होगा, जहाँ लाइब्रेरी से लेकर बाजार तक की सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी।

***************

सरायकेला–खरसावां जिले के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने की पहल की गई है। इसे लेकर सरायकेला स्थित सामुदायिक भवन में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में पंजीकृत सरकारी और गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएमओ डॉ. सुजीत कुमार मुर्मू ने कहा कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मरीजों को 14 अंकों वाला आभा अकाउंट बनाना होगा।

***************

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का राष्ट्रव्यापी उत्सव मना रहा है। वीर बाल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के बच्चों को संबोधित करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त बच्चों से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में संवाद भी करेंगे। बता दें कि इस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी जाती है।

***************

भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विकास कार्य किये जा रहे हैं।

***************

पाकुड़ कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में आज जिलास्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित मेला सह प्रदर्शनी में जिले के सैकड़ों प्रगतिशील किसानों ने  हिस्सा लिया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीक को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और आमदनी दोगुनी करने की जानकारी दी गई।

***************

प्रभु यीशु मसीह का जन्म आज आधी रात को मनाया जाएगा। जन्म पर्व को लेकर मसीही विश्वासी और चर्च पूरी तरह तैयार है। संत जेवियर सहित विभिन्न संस्थानों में चरनी सजायी गई है। गिरजाघरों में विशेष विद्युत सज्जा की गई है। मसीही समुदाय के लोग आज विशेष आराधना सभा में शामिल होंगे।

**********समाप्त**********